एफ. सं. 01-07/2022-प्रशासन-भाग (1)

भारत सरकार

# राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

एनडीएमए भवन, ए-1, सफदरजंग एन्क्लेव, नई दिल्ली-110 029

टेलीफोन नं. 26701700

सत्यमेव जयते

**राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) में अनुबंध के आधार पर वरिष्ठ परामर्शदाता (Extreme Weather Events - Lightning, Heatwave, Coldwave & Other Climate Hazards such as Hailstorm) के पद के लिए विज्ञापन.**

एनडीएमए निम्नलिखित पद के लिए अपेक्षित योग्यता और अनुभव रखने वाले भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है:-

| क्रमांक | पद का नाम | पद का प्रकार | रिक्ति की सं | शैक्षणिक योग्यता | योग्यता के बाद का अनुभव | अधिकतम आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ परामर्शदाता (Extreme Weather Events-Lightning, Heatwave, Coldwave & Other Climate Hazards such as Hailstorm) | अनुबंधात्मक | 1 (एक) | **आवश्यक:**-मौसम विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, कृषि, कृषि-मौसम विज्ञान, जलवायु परिवर्तन अध्ययन, सार्वजनिक स्वास्थ्य या आपदा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री.<br>**वांछनीय:-**<br>• मौसम विज्ञान, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण विज्ञान या जलवायु परिवर्तन में एम.फिल., पीएच.डी. जैसी एडवांस डिग्री, शोध अनुभव, प्रकाशित शोधपत्र और संबंधित क्षेत्र में योग्यता के बाद का अनुभव रखने वाले को प्राथमिकता दी जाएगी.<br>• उम्मीदवारों को कोल्ड वेव और हीट वेव से संबंधित मुद्दों की अच्छी समझ और ज्ञान होना चाहिए. | • मौसम विज्ञान, जलवायु संबंधी खतरे, मौसम संबंधी चरम घटनाओं या किसी सरकारी एजेंसी या संबंधित क्षेत्र में काम करने वाले संगठन के साथ संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 05 वर्षों का अनुभव आवश्यक है. उम्मीदवार को लाइटनिंग और हीट संबंधी कार्य योजना तैयार करने का अनुभव होना चाहिए.<br>• शैक्षिक योग्यता और कार्य अनुभव आवेदक को क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ के रूप में प्रमाणित करने वाले होने चाहिए.<br>• उम्मीदवारों के पास अंग्रेजी में अच्छा लेखन कौशल होना चाहिए, क्योंकि आपदा जोखिम न्यूनीकरण और संबंधित पहलुओं से संबंधित राष्ट्रीय और राज्य एजेंसियों से डील करना इस पद की आवश्यकता है.<br>**नोट:** सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी जिनका ग्रेड वेतन रु. 8700 (पूर्व-संशोधित)/ लेवल 13 (7वें सीपीसी) और उससे अधिक है और संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 5-10 वर्षों का अनुभव है. कोल्ड वेव रिस्क रिडक्शन और/या हीट वेव प्रबंधन में अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी. | वरिष्ठ परामर्शदाता के लिए 50 वर्ष, (सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी के मामले में अधिकतम आयु सीमा 62 वर्ष है).<br>**नोट:** एनडीएमए के विवेक पर, यदि उम्मीदवार पद के लिए विशेष रूप से योग्य पाया जाता है तो ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जा सकती है. |

2. पारिश्रमिक बैंड: रु. 1,25,000/- - 1,75,000/- वरिष्ठ परामर्शदाता के लिए, परामर्शदाता के रूप में नियुक्त सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी के संबंध में पारिश्रमिक वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग के दिनांक 09 दिसंबर, 2020 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 3-25/2020-ई.III.ए के अनुसार विनियमित किया जाएगा.

3. उपरोक्त पद के लिए विस्तृत नियम और शर्तें तथा पात्रता मानदंड (शैक्षणिक योग्यता, आयु, अनुभव आदि) टर्म ऑफ़ रेफरेंस (टीओआर) में दर्शाए गए हैं तथा इन्हें एनडीएमए की वेबसाइट **http://ndma.gov.in** पर देखा जा सकता है.

4. आवश्यक/वांछनीय शैक्षिक योग्यता और अनुभव का सत्यापन मूल प्रमाणपत्रों के साथ किया जाएगा.

5. इच्छुक उम्मीदवार रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **20 दिनों के भीतर** एनडीएमए वेबसाइट के माध्यम से पद के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं.

6. आवेदन पर केवल तभी विचार किया जाएगा जब आवेदक एनडीएमए जॉब पोर्टल **(http://ndma.gov.in)** के माध्यम से आवेदन करेंगे. आवेदन के किसी अन्य माध्यम पर विचार नहीं किया जाएगा. ऑनलाइन आवेदन करने में किसी भी सहायता के लिए कृपया @ 9958136496/9873997934 पर कॉल करें.

**महत्वपूर्ण नोट: अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा एनडीएमए ऐसे आवेदनों को बिना कोई कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है.**

(सरोज कुजुर)

अवर सचिव (जनरल)

EN 10/87